प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन की कार्यवाही शुरु, प्रश्नकाल में विधायक उठा रहे हैं अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और खाद्य आपूर्ति विभाग की अनुदान मांग पर होगी चर्चा।
2. भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– विपक्ष को नहीं पच रहा आदिवासी मुख्यमंत्री।
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास पर रांची में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्‌घाटन।
4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बदला मौसम, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और संताल के इलाके में हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने तेज हवा चलने और ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की।
5. खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा संस्करण आज से दिल्ली में, धनबाद के प्रियरंजन और रामगढ़ के बिट्टू कुमार करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व।

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन की कार्यवाही शुरु हो गयी है। प्रश्नकाल में विधायक अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे उठा रहे हैं और सरकार की ओर से जवाब दिये जा रहे हैं। भाजपा विधायक नीरा यादव ने मंइयां सम्मान योजना का लाभ कई वास्तविक लाभुकों को नहीं मिलने का मुद्दा उठाया।

जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पूरे राज्य में लाभुकों के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी वास्तविक लाभुक योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगी।

हमारी संवाददाता ने बताया कि बजट सत्र की दूसरी पाली में आज स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और खाद्य आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

*******************

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर अल्पसंख्यक वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर श्री सिन्हा ने कहा कि दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में अवैध रुप से बांग्लादेशियों को बसाया जा रहा है। उन्होंने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

*******************

भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि विपक्ष को झारखंड में एक आदिवासी का मुख्यमंत्री बनना पच नहीं रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर भाजपा का यही रवैया रहा तो राज्य सरकार इसका माकूल जवाब देगी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास पर रांची में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन किया। नगड़ी स्थित केंद्रीय तसर रिसर्च एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रही इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में तसर रेशम उद्योग से जुड़े देश भर के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

*******************

दुमका में आदिवासी इलाकों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस कड़ी में जिले में तीन एकलव्य आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम बदल गया है। रांची में आसमान में घने बादल छाये हुए हैं। वहीं, कल देर रात से धनबाद जिले में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। बोकारो और गिरिडीह में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है। उधर, दुमका सहित पूरे संताल परगना में भी

रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक गरज के साथ हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की तस्वीर वाट्सएप डीपी में लगाकर साइबर ठगों ने उनके परिचितों से 50–50 हजार रुपए ठगी की कोशिश की है। सीईओ ने रांची स्थित साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। जांच में पता चला है कि ठगी में इस्तेमाल किया गया नंबर श्रीलंका का है।
- साहिबगंज शहर के बनपर टोला स्थित सूर्या हॉस्पिटल के सामने कई झोपड़ियों में भीषण आग लग गयी। आगलगी की इस घटना में एक महिला झुलस गई है और लाखों रुपए के समान जल गये।
- साहिबगंज जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में जिले के राधानगर थाना क्षेत्र से एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है।
- जामताड़ा जिले के युवाओं और छात्र–छात्राओं में छिपी खेल प्रतिभा को उभारने के लिए सामाजिक संगठनों एवं खेल प्रेमियों के द्वारा सार्थक पहल की जा रही है । इसी कड़ी में जामताड़ा के गांधी मैदान में 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु किया गया है।

*******************

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का शुभारंभ आज से नई दिल्ली में होगा। इसमें झारखंड समेत 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 13 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है जो 27 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया है।

*******************

इस प्रतियोगिता में धनबाद के बजरंगी प्रियरंजन व रामगढ़ के बिट्टू कुमार झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। बजरंगी खेलो इंडिया गेम्स में राज्य की तरफ से पदक जीत चुके हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम रोशन कर चुके हैं। वहीं रामगढ़ के बिट्टू कुमार भी अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं।

***************